बिहार लोक सेवा आयोग,
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना

आवश्यक सूचना

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार के अधीन राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों के अंतर्गत प्रकाशित वि॰सं॰ 18/2020 (Professor, Electrical & Electronics Engg.), 25/2020 (Assoc. Prof. Electrical & Electronics Engg.), 33/2020 (Professor, Electrical Engg.), 34/2020 (Assoc. Prof. Computer Science & Engg.), 35/2020 (Professor, Mathematics), 55/2020 (Assoc. Professor, Electrical Engg.) एवं वि॰सं॰ 58/2020 (Assoc. Professor, Mathematics) तथा राजकीय पोलिटेकनिक/ राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थानों के अंतर्गत प्रकाशित वि॰सं॰ 12/2020 (HOD, Electrical Engg.) के अर्हित उम्मीदवारों का साक्षात्कार दिनांक 11.08.2021 से 17.08.2021 तक आयोजित किया जाएगा।

उपरोक्त विज्ञापनों के सम्बन्ध में दिनांक 15.04.2021 एवं 19.04.2021 को प्रकाशित सूचना के आलोक में केवल वैसे उम्मीदवार, जिनसे आपत्तियाँ प्राप्त हुई थी एवं उक्त आपत्तियों का विशेषज्ञों द्वारा जाँचोपरान्त अनर्हित से अर्हित किये गये एवं अनर्हित से अनर्हित की श्रेणी में ही रह गये उम्मीदवारों की सूची आयोग के बेवसाईट पर प्रकाशित है। अर्हित उम्मीदवारों के एकेडमिक अंक/शिक्षण कौशल की गणना आयोग के बेवसाईट पर प्रकाशित है जिसे उम्मीदवार अपना User ID & Password, जो ऑनलाईन आवेदन फार्म भरते समय उम्मीदवारों को मिला था, डालकर देख सकते हैं। तत्पश्चात् यदि किसी अर्हित उम्मीदवारों को अपने एकेडमिक अंक/शिक्षण कौशल के मूल्यांकन की गणना पर किसी प्रकार की आपत्ति हो, तो वे आयोग के बेवसाईट पर उपलब्ध निर्धारित प्राप्तांक आपत्ति प्रारूप को भरकर साक्षात्कार के दिन साक्ष्य के रूप में सम्बन्धित प्रमाण पत्रों की प्रति सहित दावा प्रस्तुत करेंगे। प्राप्तांक गणना के सम्बन्ध में दावा प्रस्तुत नहीं करने पर पुनः किसी प्रकार का अनुरोध स्वीकार्य नहीं होगा।

अर्हित सभी उम्मीदवारों को निदेश दिया जाता है कि आयोग के वेबसाईट पर प्रकाशित विस्तृत सूचना/साक्षात्कार कार्यक्रम एवं निदेश का अवलोकन कर दिए गए आवश्यक दिशा निर्देशों के अनुसार अपने स्तर से अनुपालन कर साक्षात्कार में शामिल होना सुनिश्चित करेंगे।

साक्षात्कार में शामिल होने मात्र से किसी उम्मीदवार की अर्हता सम्पुष्ट नहीं होती है। औपबंधिक रूप से साक्षात्कार में सम्मिलित किये गये सभी उम्मीदवारों की अर्हता साक्षात्कार के दिन सत्यापन हेतु समर्पित प्रमाण पत्रों की सम्यक् जाँचोपरान्त यथासमय अंतिम निर्णय लेने के लिए आयोग स्वतंत्र रहेगा।

26.7.21

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना